**यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0**
**(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)**
**टी0सी0 46–V, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ**

संख्याः 5909 / 6–3(68) / स0क0–आ0प0वि0 / सलोन–रायबरेली / 2022    दिनांकः 26, सितम्बर, 2022

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**
राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय,
सलोन–रायबरेली।

**विषयः–** **विद्यालय की सम्बद्धता विस्तार हेतु भवन सुरक्षा प्रमाण–पत्र / एन0ओ0सी0 तथा विद्यालय भवन का नक्शा व आर्कीटेक्ट का नाम एवं रजिस्ट्रेशन संख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक 234–236 / स0क0–आ0प0वि0 / एन0ओ0सी0 / 2022–23 दिनांक 26–09–2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सलोन–रायबरेली की सम्बद्धता विस्तार हेतु भवन सुरक्षा प्रमाण–पत्र / एन0ओ0सी0 तथा विद्यालय भवन का नक्शा व आर्कीटेक्ट का नाम एवं रजिस्ट्रेशन संख्या उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि आपको विदित ही है कि यह निगम समाज कल्याण विभाग की निर्माण एजेन्सी है विद्यालय की आर्कीटेक्चरल एवं स्ट्रक्चरल ड्राइंग / डिजाइन निगम के वास्तुविद् एवं अधीक्षण अभियन्ता (डिजाइन) द्वारा समाज कल्याण विभाग से अनुमोदित ड्राइंग के आधार पर तैयार की गयी हैं तथा तदनुसार ही विद्यालय भवन का निर्माण कार्य निगम की निर्माण इकाई–रायबरेली द्वारा सम्पादित कराया गया है। विद्यालय की स्ट्रक्चरल ड्राइंग के अनुसार भवन पूर्णतया सुरक्षित है। विद्यालय की आर्कीटेक्चरल एवं स्ट्रक्चरल ड्राइंग / डिजाइन की छायाप्रति तथा भवन के हस्तान्तरण प्रपत्र की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। चूंकि ड्राइंग / डिजाइन विभागीय आर्कीटेक्चरल एवं स्ट्रक्चरल अभियन्ता द्वारा तैयार की गयी है अतः उनके नाम एवं पंजीकरण संख्या की आवश्यकता नहीं हैं।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार**

भवदीय,

26/9/22
( सुशील कुमार )
मुख्य अभियन्ता (पश्चिम)

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1– निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ को प्रधानाचार्य के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ।
2– उप निदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ मण्डल लखनऊ।
3– जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ
4– अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0सिडको, रायबरेली।

( सुशील कुमार )
मुख्य अभियन्ता (पश्चिम)

Other Letter 2022 Final

Dr. Saroj R.S.
Principal
Rajkiya As... Vidyalaya
Sal... Raebareli

Scanned with CamScanner